आप पढ़ रहे हैं देश का सबसे विश्वसनीय और नंबर 1 अख़बार

दैनिक भास्कर

कुल पृष्ठ 16 **राजस्थान** मूल्य ₹ 5.00 (बाल भास्कर, ऐच्छिक ₹ 10.00)

dainikbhaskar.com | झुंझुनूं, शुक्रवार, 20 सितंबर, 2024 | आश्विन, कृष्ण पक्ष-3, 2081 | 12 राज्य | 61 संस्करण

शेखावाटी भास्कर

झुंझुनूं, शुक्रवार, 20 सितंबर, 2024 | झुंझुनूं • चिड़ावा • पिलानी | गुढ़ागौड़जी • बुहाना • सूरजगढ़ | dainikbhaskar.com

हिंदी दिवस को राजभाषा विभाग द्वारा राजभाषा हीरक जयंती के रूप में मनाया गया

अपने गैर हिंदी भाषी सहकर्मियों को हिंदी बोलने और समझने में सहायता करना हमारा दायित्व: डॉ. पंचारिया

भास्कर न्यूज़ | पिलानी

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान (सीरी) पिलानी में आयोजित हिंदी सप्ताह का समापन गुरुवार को पुरस्कार वितरण समारोह से हुआ।

समारोह में संस्थान निदेशक डॉ. पीसी पंचारिया ने सभी को कार्यालयी कार्यों में हिंदी के अधिकाधिक उपयोग के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि हमारा संस्थान लघु भारत का श्रेष्ठ उदाहरण है जहां देश के विभिन्न प्रांतों के अलग अलग भाषाओं वाले लोग सेवारत हैं। हम सभी का दायित्व है कि अपने गैर हिंदी भाषी सहकर्मियों को हिंदी सिखाएं तथा हिंदी बोलने व समझने में उनकी सहायता करें। डॉ. पंचारिया ने समारोह में हिंदी सप्ताह के दौरान व सालभर में आयोजित हिंदी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया। संस्थान में लागू राजभाषा प्रोत्साहन योजनाओं के तहत भी सहकर्मियों को प्रशस्ति पत्र भेंट किए गए। हिंदी में सर्वाधिक एवं विशिष्ट कार्य करने वाले प्रशासनिक, तकनीकी व वैज्ञानिक अनुभागों / प्रभागों को राजभाषा चल वैजयंती प्रदान की गई। सीरी के मुख्य वैज्ञानिक व हिंदी सप्ताह आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ. सुचंदन पाल ने सभी पुरस्कार विजेताओं को बधाई दी। कार्यक्रम का संचालन करते हुए वरिष्ठ हिंदी अधिकारी रमेश बौरा ने संस्थान के सभी अधिकारियों व सहकर्मियों को बताया कि इस वर्ष हिंदी दिवस भारत सरकार के राजभाषा विभाग द्वारा राजभाषा हीरक जयंती के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम के अंत में प्रशासन नियंत्रक जयशंकर शरण ने धन्यवाद ज्ञापित किया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

पिलानी. सीरी में हिंदी सप्ताह समापन पर विजेताओं का सम्मान करते अतिथि।